तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

4
मनरेगा के कार्यों का अब होगा भौतिक सत्यापन, चलेगा विशेष अभियान





## खबर संक्षेप

### पार्किंग व्यवस्था के लिए वालंटियर लगाने के निर्देश

**रायगढ़।** ट्रैफिक डीएसपी द्वारा शहर के मैरिज गार्डन संचालकों के साथ बैठक ली गई। मंशा शादी एवं अन्य आयोजनों के दौरान मैरिज गार्डन के बाहर लगने वाले जाम और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या का समाधान करना था। बैठक में डीएसपी ने कहा कि शादी के सीजन में बारात और कार्यक्रमों के दौरान मैरिज गार्डन के बाहर अत्यधिक भीड़ और सड़क पर खड़े वाहनों के कारण यातायात बाधित होता है, जिससे आम नागरिकों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने निर्देश दिए कि मैरिज गार्डन संचालक स्वयं पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें, जहां पार्किंग उपलब्ध नहीं है वहां अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था की जाए। साथ ही आयोजन के दौरान प्राइवेट गार्ड एवं वालंटियर नियुक्त किए जाएं, जो पार्किंग और यातायात व्यवस्था को नियंत्रित कर सकें। इसके अलावा संबंधित थाना और यातायात पुलिस को पूर्व सूचना देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आवश्यक पुलिस बल की तैनाती कर यातायात को सुचारू रखा जा सके।

### ट्रैक्टर और बाइक में भिड़ंत, एक की मौत

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोरडी गांव के पास लकड़ी से लदा ट्रैक्टर और बाइक की आमने- सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि शव का पंचनामा करते हुए पीएम के लिए भेजा गया। जानकारी अनुसार ग्राम पोरडी के पास बाइक सवार दो युवक और लकड़ी ले जा रहे ट्रैक्टर की आपस में भिंडत हो गई है। यह घटना गुरुवार की दोपहर की बताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक रामधन राठिया निवासी बुलेकेरा की मौके पर ही मौत हो चुकी है, जबकि उस साथी नोमेश राठिया बुरी तरह से घायल हो गया है। इस दुर्घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है। घायल युवक को घरघोड़ा स्थित शासकीय अस्पताल मे भर्ती कराया गया है, जबकि पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव का पंचनामा कर पीएम के लिए शव को अस्पताल भेज दिया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, गिरफ्तार

**रायगढ़।** महिला थाना की टीम ने दुष्कर्म पीडिता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । बीते 21 अप्रैल को पीड़िता ने महिला थाने में पहुंच कर बादल सारथी 20 के खिलाफ शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पीड़िता ने बताया कि अप्रैल 2025 में वह दिल्ली काम करने गई थी, जहां से रायगढ़ लौटने के बाद उसकी पहचान आरोपी से हुई। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसे अपने घर में करीब 3 माह तक पत्नी की तरह रखा और लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता ने जब भी शादी के लिए दबाव बनाया, तब आरोपी टालमटोल करता रहा और मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। जनवरी 2026 में पीड़िता पुनः दिल्ली काम करने गई, जहां आरोपी भी उसके पास पहुंचा और लगभग 1 माह तक उसके साथ रहा। इस दौरान जब आरोपी को उसने गर्भवती होने की जानकारी दी तब आरोपी ने उसे जल्द शादी करने का झूठा भरोसा दिया, लेकिन 24 मार्च 2026 को बिना बताए दिल्ली से वापस रायगढ़ आ गया। पीड़िता 2 अप्रैल को वापस रायगढ़ आई और आरोपी के घर पहुंची, जहां आरोपी ने उसे घर में घुसने नहीं दिया और शादी से साफ इंकार कर दिया। आरोपी के खिलाफ धारा 69 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### कार्यकर्ता और सहायिकाओं के लिए 10 हजार 646 नग भेजी गई है साड़ी

# भेजा यूनिफार्म, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने लेने से कर दिया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने शासन द्वारा भेजे गए यूनिफार्म (साड़ी) लेने से इंकार कर दिया है। कारण बीते नवंबर में जो साड़ी दी गई थी उसे धोने से जहां कलर निकल रहा था। वहीं साड़ी की लंबाई भी कम थी। एक-दो बार धोने के बाद उपयोग करने लायक नहीं था। इस वजह से यहां के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने उठाने से मना कर दिया है। यह साड़ी बीते मार्च में यहां आई थी। उसे लेने से मना कर दिया गया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को बतौर यूनिफार्म दी गई साड़ी की क्वालिटी पर सवाल खड़े होने के बाद रायगढ़ में भी साड़ी बंडल गोदाम की शोभा बढ़ा रहे हैं। यहां 94 बंडल साड़ी भेजी गई थी। इसमें कार्यकर्ताओं के लिए 5 हजार 378 और सहायिकाओं के लिए 5 हजार 268 साड़ी शामिल है। शासन से यहां साड़ी पहुची तो महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने उसे रिसीव कर गोदाम में डंप करा दिया। इसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को उसे दिया गया तो सभी ने लेने से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि यदि देना है तो अच्छी क्वालिटी की साड़ी दी जाए जिसे उपयोग किया जा सके। ऐसे में अभी साड़ी गोदाम में डंप है। बताया गया कि शासन की ओर से एक पत्र भी आया था, जिसमें कहा गया था कि यदि साड़ी खराब है तो वापस कर दिया जाए। हालांकि उपयोग करने के बाद किसी ने उसे लौटाया नहीं।



शासन से 10 हजार 646 यूनिफार्म (साड़ी) भेजी गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं द्वारा साड़ी नहीं लेने की जानकारी तो मिली है, लेकिन लिखित में ऐसा कुछ मिला नहीं है।

**एलआर कच्छप**
डीपीओ

बीते नवंबर में जो साड़ी मिली थी उसकी लंबाई कम है, धोने से कलर जा रहा था। यूनिफार्म देना है तो अच्छी क्वालिटी की देनी चाहिए, जिसका उपयोग किया जा सके। अभी ग्रामीण और शहरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका लेने से मना कर रहे हैं।

**अनिता नायक**
प्रमुख कार्यकर्ता संघ।

#### साड़ी की लंबाई कम, धोने से जा रहा था कलर

बीते नवंबर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को साड़ी दी गई थी। उस साड़ी की लंबाई जहां कम थी। वहीं सैकड़ों साड़ियां कटे-फटे भी थे। खास बात यह है कि जब उसे धोये तो कलर जाने लगा। बताया जा रहा है कि एक दो बार धोने के बाद तो उपयोग करने लायक ही नहीं था। बाद में किसी ने उसका उपयोग ही नहीं किया । पूर्व में धोखा होने की वजह से ही इस बार जो साड़ी आई है उसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने लिया ही नहीं है।

#### पांच बार हो चुकी है यूनिफार्म चेंज

जानकारी मिली है कि अब तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का यूनिफार्म पांच बार बदल चुकी है। ऐसे में कहा जा रहा है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की यूनिफार्म को लेकर शासन की ओर से समय-समय पर प्रयोग किया जाता है। बीते 2018 में कांग्रेस सरकार बनी तो यूनिफार्म बदली गई थी। इसके बाद सरकार बदली तो फिर से बदल गई। इसके पहले भी दो तीन बार यूनिफार्म बदलने की बात कही जा रही है।

# ओड़िशा से ट्रेन में गांजा ला रहे 3 तस्कर गिरफ्तार, 52 किलो जब्त



रेलवे स्टेशन में जांच के डर से भागने की कोशिश नाकाम, आरपीएफ, साइबर और खरसिया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ओड़िशा से ट्रेन में गांजे की तस्करी करने वाले 3 तस्करों को आरपीएफ, साइबर और खरसिया पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। तीनों आरोपियों के पास 52 किलो गांजा बरामद किया गया है।इसकी कीमत 25 लाख 62 हजार आंकी गई है।

ओड़िशा से 3 युवक बैग में गांजा लेकर निकलने की जानकारी मिली थी। चौकी प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना साइबर और चौकी खरसिया की संयुक्त टीम द्वारा योजनाबद्ध घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम दिनेश कुमार बेहरा पिता लिंगराज बेहरा 22 वर्ष, शिवा बेहरा 21 वर्ष और देवी प्रसाद कंहर पिता बंशीधर कंहर 19 वर्ष, सभी निवासी जिला कंधमाल ओडिशा बताया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे ट्रेन से गांजा लेकर आ रहे थे, लेकिन रेलवे पुलिस की चेकिंग के कारण खरसिया में उतरकर भागने की कोशिश कर रहे थे। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से क्रमशः 16.1 किलो, 20.4 किलो और 15.5 किलो, कुल 52 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 25 लाख 62 हजार आंकी गई है। आरोपियों के विरुद्ध चौकी खरसिया में धारा 20(B) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# तालाब गहरीकरण में पहले श्रमिकों से कराया काम, फिर मशीनों का किया इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया विकासखंड के ग्राम पंचायत चपले में स्थित खार तालाब के गहरीकरण काम में पहले तो मजदूरों से काम लिया गया, लेकिन जब काम पूर्ण कराने की बात आई तो मशीनों के जरिए इसका गहरीकरण किया गया। मौके पर मशीनों से खोदने और पहिए के निशान देखे गए हैं। वहीं कार्य पूर्ण होने से पहले सूचना पटल पर कार्य पूर्णता की तारीख तक डाल दी गई और अब अपनी गलती छिपाने के लिए गांव सरपंच व सचिव सहित रोजगार सहायक यह बताने में लगे हैं, कार्य पूर्ण होने के बाद तालाब से मिट्टी निकाली गई है।

केन्द्र सरकार की ओर संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा का नाम बदलने को लेकर प्रक्रिया चल रही है, लेकिन इसमें भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों का तरीका वही है। जिले में मनरेगा के तहत कई तरह कार्य चल रहे हैं, जिसके तहत खरसिया विकासखंड के ग्राम पंचायत चपले में खार तालाब का गहरीकरण का कार्य चल रहा है। इसकी लागत 8 लाख 75 हजार है। इस कार्य की शुरूआत 25 मई 2025 को की गई थी। बताया गया कि इस तालाब के गहरीकरण की शुरूआत में मजदूरों से काम लिया गया, लेकिन जब गहरीकरण का कार्य अपने अंतिम पड़ाव पर था तो रात के समय तालाब के बीचों-बीच जेसीबी से खुदाई की गई और अपनी गलती छिपाने नागरिक सूचना पटल पर 31 मार्च 2026 को कार्य पूर्ण बता दिया गया। जबकि अभी विधिवत रूप से भी गहरीकरण पूरा नहीं हो सका है। इस बात को रोजगार सहायक भी मान रहे हैं, काम पूरा किए बिना ही पटल पर पूर्ण दिखा दिया गया है। इसके अलावा दिन में भी कुछ लोगों द्वारा तालाब में जेसीबी से गहरीकरण का कार्य किया गया, वहीं गहरीकरण के बाद यहां से निकाली गई मिट्टी को भी वे अपने साथ ट्रैक्टर में ले गए। इसमें सबसे ताज्जुब की बात यह हैं कि तालाब के गहरीकरण कार्य में मजदूरों की जगह मशीनों का उपयोग करने और तालाब की मिट्टी बगैर ग्राम पंचायत की अनुमति के ले जाने के बारे में ना तो रोजगार सहायक को जानकारी है और ना ही सरपंच को।



#### पौधरोपण में भी गड़बड़ी

तालाब किनारे पौधरोपण का कार्य 1 लाख 39 हजार की लागत से 50 नग लगाना नागरिक सूचना पर दर्शाया गया है, लेकिन मौके पर लगे लगभग सभी पौधे मर चुके हैं। इस तालाब के मेढ़ में लगाए गए पौधों की देखरेख तक नहीं की गई। जिसकी वजह से लगभग सभी पौधे पेड़ बनने से पहले ही नष्ट हो चुके हैं। ऐसे में यहां हुए तालाब गहरीकरण के साथ-साथ पौध रोपण कार्य भी भारी गड़बड़ी देखने को मिल रही है।

#### मिट्टी की चोरी और जिम्मेदारी को पता नहीं

इस संबंध में जब हमने ग्राम पंचायत चपले की सरपंच शकुंतला उरांव से पूछा तो उन्होंने तालाब के गहरीकरण में मशीनों के इस्तेमाल और तालाब से निकाली गई मिट्टी का अवैध परिवहन व उपयोग को लेकर अनभिज्ञता जाहिर की। जबकि मौके पर जेसीबी के टायर के निशान और गहरीकरण कार्य में मशीनों के इस्तेमाल के साक्ष्य साफ तौर पर देखे जा सकते हैं।

तालाब गहरीकरण में मशीनों के इस्तेमाल की जानकारी मिली है। इस मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही इसके लिए जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**अभिजीत पठारे**
सीईओ, जिला पंचायत

तालाब गहरीकरण में मशीनों के इस्तेमाल और वहां से मिट्टी के परिवहन की जानकारी मुझे नहीं है। सभी काम रोजगार सहायक ही देखते थे। मुझे इसके बारे में नहीं बताया गया है।

**शकुंतला उरांव**
सरपंच, चपले

#### शव पर नहीं था किसी तरह के चोट का निशान, संक्रमण से मौत की आशंका, पीएम रिपोर्ट में होगा खुलासा

# लैलुंगा वन परिक्षेत्र में मिला हाथी शावक का शव, जांच में जुटा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा वन परिक्षेत्र के चिल्कामुड़ा-अंडोडेरा में एक हाथी शावक का शव मिला है। वन अमला मौके पर पहुंच, जांच में जुट गया है। शव का पंचनामा कर सारी औपचारिकताएं पूरी कर पीएम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हालांकि शावक के मौत के कारण स्पष्ट नहीं है, इसलिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार अधिकारी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार हाथी मित्र दल के सदस्य चिल्कागुड़ा और अंडोडेरा क्षेत्र में हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। इसी बीच उन्हें कक्ष क्रमांक 176 आरएफ में एक शावक का शव पड़ा मिला। सूचना के बाद एसडीओ, रेंजर सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौत के कारणों को जानने की कोशिश करने लगे, लेकिन शव में किसी तरह के चोट के निशान उन्हें नहीं मिला। ऐसे में वन अमले ने कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए शव का पंचनामा कर पीएम कराया । वहीं सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। सैंपल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया शावक की मौत किसी प्रकार के संक्रमण से होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस इलाके में वर्तमान में 13 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के इस दल में करीब 5 शावकों की मौजूदगी होने की चर्चा है। ऐसे में यह शावक भी इसी दल का हिस्सा हों सकता है। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ वनमंडल के अलग-अलग वन परिक्षेत्रों में कुल 13 हाथी विचरण कर रहे हैं। ऐसे में हाथी मित्र दल और अन्य क्षेत्रीय अमला इनकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। साथ ही प्रभावित गांवों में ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी होने और सतर्क रहने के लिए कहा जा रहा है।



#### एक माह में तीन शावकों की मौत

जानकारी के अनुसार मार्च से अप्रैल के बीच यह तीसरे हाथी की मौत हुई है। इससे पहले मार्च माह में घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के कुरकुट नदी में दो शावकों के शव मिले थे। उक्त शावक अपने दल के साथ नहाने के लिए नदी में पहुंचे और डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई थी।

शावक के शरीर पर किसी तरह के कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पीएम के बाद सैंपल जांच के लिए बरेली सहित अन्य जगहों के लैब में भेजे गए है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकता है।

**जितेन्द्र कुमार उपाध्याय**
डीएफओ, धरमजयगढ

# वर्दी की गरिमा हुई दागदार, बेसुध हालत में मिला आरक्षक, निलंबित

**रायगढ़।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस विभाग में हड़कंप मचा दिया है। वीडियो में थाना धरमजयगढ़ में पदस्थ आरक्षक दिलेश चन्द्रा वर्दी में सार्वजनिक स्थान पर बेसुध हालत में सड़क पर पड़े नजर आ रहा है। जिससे विभाग की छवि पर सवाल खड़े हो गए। मामला जैसे ही एसएसपी शशि मोहन सिंह के संज्ञान में आया, उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए। प्रारंभिक जांच में आरक्षक का आचरण पदीय दायित्वों के विपरीत पाया गया, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरक्षक दिलेश चन्द्रा को निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय रक्षित केंद्र रायगढ़ निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। इस पूरे मामले में एसएसपी ने निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस बल में अनुशासन सर्वोपरि है और वर्दी की गरिमा के खिलाफ किसी भी प्रकार का आचरण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### 7 साल बाद गिरफ्त में आया आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने वर्ष 2019 के आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में पिछले 7 साल से फरार चल रहे आरोपी जदुमणी पैकरा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार बीते 12 मार्च 2019 को थाना लैलूंगा में दर्ज रिपोर्ट में बताया गया था कि प्रकाश पैंकरा ने गांव की एक युवती को पत्नी की तरह अपने साथ रखा था। इसी बात को लेकर 11 मार्च को गांव में पंचायत बैठाई गई, जहां युवक के साथ मारपीट की गईए उसे बांधकर प्रताड़ित किया गया और जुर्माना भी लगाया गया। इस अपमान और प्रताड़ना से आहत होकर युवक ने 12 मार्च 2019 को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच में मामला आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का पाया गया, जिस पर धारा 306 के तहत अपराध दर्ज किया गया। प्रकरण में पहले ही 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि कई अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। ऑपरेशन तलाश के तहत दोबारा पतासाजी के दौरान पुलिस को जदुमणी पैकरा के बारे में सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी गिरधारी साव के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी की संलिप्तता सामने आने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में अन्य फरार आरोपी गोपाल यादव, करमचंद पैकरा, सजन पैकरा, पहलवान पैकरा, उसत पैकरा और जमुनाडिहा की तलाश अभी भी जारी है।

#### एनआईसी कक्ष से वीसी में जुड़े कलेक्टर, 31 मई तक सर्वे पूर्ण करने पर जोर

# ज्ञानभारतम सर्वे ने पकड़ी रफ्तार, कलेक्टर ने बुद्धिजीवियों संग बनाई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत रायगढ़ जिले में कार्यों को तेज गति देने के लिए प्रशासन ने व्यापक पहल शुरू कर दी है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में शामिल होकर जिले की प्रगति से अवगत कराया और प्राप्त निर्देशों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण कार्य 31 मई तक हर हाल में पूर्ण किया जाना है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के पश्चात कलेक्टर ने अपने कार्यालय में जिले के साहित्यकारों, इतिहासकारों एवं प्रबुद्ध वर्ग के साथ विशेष बैठक आयोजित कर अभियान को लेकर गहन चर्चा और विचार-विमर्श किया। बैठक में प्रो. अंबिका वर्मा, जगदीश मेहर, सुभाष त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल सहित अन्य साहित्यकार, वरिष्ठजन नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में बिखरी हुई प्राचीन पांडुलिपियों, दुर्लभ ग्रंथों, ऐतिहासिक दस्तावेजों और सांस्कृतिक धरोहरों की पहचान, संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में बताया गया कि रायगढ़ का इतिहास अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली है, जिसे व्यवस्थित रूप से संकलित और संरक्षित करना आवश्यक है। इस कार्य को जनभागीदारी से जोड़ते हुए इसे जन आंदोलन का रूप देने पर जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें। कलेक्टर ने कहा कि कई महत्वपूर्ण पांडुलिपियां और ऐतिहासिक सामग्रियां निजी स्तर पर सुरक्षित होती हैंए जिनकी जानकारी सामने नहीं आ पातीए ऐसे में आम नागरिकों की सहभागिता बेहद जरूरी है। चर्चा में बताया गया कि जिला स्तर पर सर्वेक्षण दलों का गठन, उनका प्रशिक्षण तथा कार्यों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही एकत्रित की जाने वाली पांडुलिपियों का वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण और डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित हो सकें।

कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे अपने पास उपलब्ध पांडुलिपियों, पुराने दस्तावेजों एवं ऐतिहासिक सामग्रियों की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराएं और सर्वेक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सामूहिक प्रयासों से यह अभियान रायगढ़ के गौरवशाली इतिहास को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।







# हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में राणा के साथ नजर आएंगे अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड के एक्टर अक्षय कुमार 'भूत बंगला' की कामयाबी से खुश हैं। खबरें हैं कि वह जल्द ही एक बड़े बजट की हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में काम करने वाले हैं। उनके साथ साउथ के कलाकार राणा दग्गुबाती होंगे। इस प्रोजेक्ट को लेकर अभी से काफी चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के निर्देशक चंदू मोंडेती होंगे। राणा दग्गुबाती एक महत्वाकांक्षी हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में लीड रोल निभाएंगे। इसकी कहानी उज्जैन के रहस्यमयी बैकग्राउंड पर आधारित होगी। इस फिल्म की कास्ट में अक्षय कुमार भी शामिल हो गए हैं। मेकर्स ने एक बड़ा सरप्राइज भी छिपाकर रखा है। इस बड़े प्रोजेक्ट को करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शंस सपोर्ट कर रहा है।

## लाइफ Style

# कृतिका

## मुझे किसी पर डिपेंड होने की जरूरत नहीं

कृतिका कामरा ने कॅरियर की शुरुआत टीवी सीरियल से की थी, वह टीवी की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक थीं, लेकिन अचानक ही सब कुछ छोड़ दिया। टीवी से फिल्मों और वेब सीरीज की तरफ रुख किया। धीरे-धीरे वह यहां भी अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हालिया रिलीज सीरीज मटका किंग में वह विजय वर्मा के अपोजिट नजर आईं। साथ ही टीवी प्रेजेंटर गौरव कपूर से की गई उनकी सादगी भरी शादी भी खूब चर्चा में रही। अपने लाइफपार्टनर गौरव कपूर के बारे में कृतिका कहती हैं, 'अब मैं अपने आप को ज्यादा फ्री महसूस करती हूं। मैं लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरने के लिए फैसले नहीं लेती हूं। मैं अपनी कंपनी एंज्वॉय करती हूं। मैं इमोशनली और फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट हूं। मुझे किसी पर डिपेंड होने की जरूरत नहीं है। गौरव भी मेरी तरह के इंसान हैं, वो भी सेल्फ मेड हैं। उन्होंने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू किया और अपनी लाइफ खुद बनाई। वो मेरी जर्नी को समझते हैं। हम दोनों अपने अपने तरीके से इंडिपेंडेंट लोग हैं और अब एक हो गए हैं। अभी शादी को एक महीना ही हुआ है, लेकिन ऐसा नहीं लगा कि बहुत कुछ बदल गया है। मैं जो जिम्मेदारियां पहले निभा रही थीं, वहीं हम दोनों मिलकर निभा रहे हैं।' अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कृतिका बताती हैं, 'मैं एक छोटे शहर से आती हूं, जहां दूर-दूर तक किसी का एक्टिंग या फिल्मी दुनिया से कोई लेना-देना नहीं था। मेरी मम्मी प्रिंसिपल हैं और पापा डॉक्टर हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# इंडिया में परफॉर्म करेंगे मशहूर रैपर

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक लवर्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। मशहूर रैपर कान्ये वेस्ट अब जल्द ही भारत में परफॉर्म करने वाले हैं। रैपर कान्ये वेस्ट कई देशों में अपने कॉन्सर्ट करते हैं और वहां परफॉर्म करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कान्ये वेस्ट का इंडिया डेब्यू कॉन्सर्ट कन्फर्म हो गया है। पहले यह कॉन्सर्ट मार्च में होने वाला था, लेकिन कुछ अंतरराष्ट्रीय हालातों के चलते इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। अब नई तारीख के साथ यह शो फिर से तय कर दिया गया है।




# डेविल वियर्स प्राडा 2 में हटाया सिडनी का कैमियो

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में हॉलीवुड एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी का एक कैमियो भी था, जिसे फाइनल कट में हटा दिया गया है। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के जरिए मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे 20 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में कई एक्टर्स, सिंगर ने छोटे-बड़े रोल किए हैं। एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी का भी फिल्म में कैमियो था, जिसे फाइनल एडिटिंग में हटा दिया गया है। सिडनी स्वीनी ने फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के लिए कुछ सीन्स शूट किए थे। इसमें वह अपना ही किरदार निभाने वाली थीं। इस सीन में एमिली ब्लंट का किरदार एमिली चार्लटन, सिडनी को स्टाइल करता हुआ दिखता है। लेकिन इस सीन को एडिटिंग के दौरान हटा दिया गया है। अब सिडनी फिल्म में कैमियो रोल में नजर नहीं आएंगी।



# शादी की 55वीं सालगिरह पत्नी पर लुटाया प्यार

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन ने बुधवार को अपनी पिंकी को शादी की सालगिरह पर शुभकामनाएं दी हैं। इस खास अवसर पर उन्होंने पत्नी पिंकी रोशन के लिए सोशल मीडिया पर एक खास नोट भी लिखा है। राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो खास तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में राकेश अपनी पत्नी पिंकी के साथ एफिल टावर को निहारते नजर आ रहे हैं। इस पहली तस्वीर में दोनों के चेहरे नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में राकेश और पिंकी किसी खास जगह पर एक साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। फिल्म निर्माता राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर पत्नी पिंकी के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'हमने शादी के 55 साल साथ बिताए हैं। अब भी हम एफिल टावर से ज्यादा मजबूती से खड़े हैं।



# मिर्जापुर- दू मूवी में दमदार कहानी

**मुंबई।** मिर्जापुर वेब सीरीज को लोगों से खूब प्यार मिला है। वेब सीरीज के तीन सीजन आ चुके हैं, और अब चौथा बन रहा है। हालांकि, सीजन 4 की रिलीज डेट का फिलहाल खुलासा नहीं है। इससे पहले मिर्जापुर द मूवी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसे 4 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। मिर्जापुरः द मूवी में पुराने किरदारों के साथ नई कहानी, ज्यादा एक्शन और मजबूत महिला किरदार देखने को मिलेंगे, जो इस फिल्म को और खास बना सकते हैं। इस फिल्म में एक बार फिर पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया), अली फजल (गुड्डू पंडित) और दिव्येंदु शर्मा (मुन्ना भैया) जैसे फेमस किरदार नजर आएंगे। इस बार फिल्म में फीमेल किरदारों को भी काफी मजबूत तरीके से दिखाया जाएगा।

## टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लौटने वाला है खतरनाक विलेन

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री का आइकॉनिक शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' एक बार फिर चर्चा में हैं। इसका नया सीजन भी फैंस के बीच उतना ही पॉपुलर है, जितना पहला सीजन था. जैसे-जैसे शो आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे पुराने किरदारों और उनसे जुड़ी खबरें सामने आ रही हैं। खास तौर पर आकाशदीप सैगल का नाम फिर से सुर्खियों में आ गया है, जिन्होंने पहले सीजन में अपने अलग अंदाज से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी थी। आकाशदीप सैगल ने इसमें पहले अंश गुजराल का किरदार निभाया था, जिन्होंने एक खतरनाक और यादगार विलेन के रूप में पहचान बनाई। बाद में जब कहानी में उनके किरदार का अंत हो गया, तो उन्होंने उसी शो में एकलव्य गुजराल के रूप में वापसी की, जो अंश का बेटा था। एक ही शो में पिता और फिर बेटे का रोल निभाना टीवी की दुनिया में बहुत अनोखी बात मानी जाती हैं। अब जब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' भी दर्शकों के बीच बहुत पसंद किया जा रहा है, तो आकाशदीप ने भी इसके रिवाइवल को लेकर अपनी खुशी जाहिर की हैं। हालांकि, अभी तक ये साफ नहीं है कि वो नए सीजन में नजर आएंगे या नहीं। बता दें कि ये सीरियल एकता कपूर का सक्सेसफुल प्रोजेक्ट रहा है, जिसने एक दौर में टीवी की दुनिया पर राज किया था. इसने कई कलाकारों को पहचान दिलाई और घर-घर में अपनी खास जगह बनाई। अब इतने सालों बाद भी जब इसका नया सीजन रिलीज हुआ, तो ये दर्शकों की उम्मीदों पर खड़ी उतरी हैं।

## पार्थ ने सोशल मीडिया से लिया ब्रेक



**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी एक्टर पार्थ समथान इस वक्त गुस्से से आगबबूला हैं और उन्होंने सोशल मीडिया से ब्रेक ले लिया है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उनके साथ-साथ परिवार को भी टारगेट किया जा रहा है, काफी उल्टा-सीधा बोला जा रहा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें पता है कि इसके पीछे किसका हाथ है, पर वह नाम नहीं बताएंगे। पार्थ समथान का कहना है कि फर्जी और बोट अकाउंट्स के जरिए उन्हें ऑनलाइन हैरेसमेंट का शिकार बनाया गया। 35 वर्षीय पार्थ समथान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने गुस्सा निकालते हुए ऐलान किया कि वह कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक ले रहे हैं। पार्थ ने बताया कि मौजूदा सिचुएशन ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया है, जबकि वह पॉजिटिव और शांत रहने की काफी कोशिश कर रहे हैं। पार्थ समथान ने बताया कि कुछ लोग फेक अकाउंट के जरिए सोशल मीडिया पर उनके परिवार को टारगेट कर रहा है, उन्हें उल्टा-सीधा बोल रहे हैं।

# शेखर ने खोली फिल्म एकेडमी खुद तैयार किया एक्टिंग कोर्स



**नई दिल्ली।** एक्टर शेखर सुमन अब युवाओं को एक्टिंग सिखाएंगे। हाल ही में उन्होंने शेखर सुमन फिल्म एकेडमी लॉन्च की है। यह एक नया एक्टिंग इंस्टीट्यूट है, जिसका मकसद अगली पीढ़ी के कलाकारों और कहानीकारों को ट्रेनिंग देना है।शेखर सुमन अपनी फिल्म एकेडमी के बारे में कहते हैं, 'मेरे लिए यह एकेडमी सिर्फ एक इंस्टीट्यूट नहीं है। यह उस कला को कुछ वापस देने का एक बहुत ही निजी तरीका है, जिसने मुझे सब कुछ दिया है। इन वर्षों में एक्टिंग ने मुझे अनुशासन, कल्पनाशीलता, जीवन में मजबूत रहने के गुण सिखाए हैं। वह आगे कहते हैं, 'इस एकेडमी के लिए मैंने खुद एक्टिंग कोर्स डिजाइन किए हैं। इसके हर पहलू पर खुद नजर रखी है। मुझे उम्मीद है कि मैं यह सीख अगली पीढ़ी के एक्टर्स तक पहुंचा पाऊंगा। इस एकेडमी के जरिए मुझे उम्मीद है कि मैं कुछ ऐसा बना पाऊंगा जो सिर्फ ट्रेनिंग से कहीं बढ़कर हो और यहां आने वाले हर स्टूडेंट के लिए एक सच्ची क्रिएटिव जर्नी बन जाए।' इस फिल्म एकेडमी में शेखर के बेटे और एक्टर अध्ययन सुमन भी अहम भूमिका निभाएंगे। वह एकेडमी के संस्थापक और डायरेक्टर के तौर पर काम करेंगे। शेखर सुमन ने अपने चार दशक के कॅरियर में टीवी, फिल्म और ओटीटी पर खूब काम किया है। अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। पिछले साल वह संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी में नजर आए थे। साथ ही बतौर प्रोड्यूसर भी उन्होंने कुछ फिल्में बनाई हैं।

# लल्ला लल्ला लोरी ने बच्चों का बचपन बना दिया खास

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में बच्चों के लिए कई गाने बनाए गए। कई ऐसी लोरियां जिन्हें सुने बिना बच्चों को नींद नहीं आती है। फिल्मों में इन गीतों की अलग जगह है। वहीं, असल जिंदगी में ये गाने बेहद खास बने हुए हैं। एक ऐसा ही गाना है 'लल्ला लल्ला लोरी'। बचपन से लेकर अभी तक इस गाने के कई वर्जन आपने सुने होंगे। अब तो बच्चों को एंटरटेन करने के लिए इस गाने पर कई कार्टून वाले वीडियो मौजूद हैं। लेकिन, क्या 'लल्ला लल्ला लोरी' लोरी लिखने वाले गीतकार के बारे में जानते हैं? फिल्म में इस गाने को दो अलग तरह से इस्तेमाल किया गया और दोनों ही वर्जन बेहद खास है।



### दूध में बताशा, जीवन खेल तमाशा

1977 में फिल्म आई थी मुक्ति। इस फिल्म में शशि कपूर, संजीव कुमार और विद्या सिन्हा जैसे एक्टर्स लीड रोल नजर आए थे। फिल्म के पहले भाग में एक पिता अपनी बेटी पिंकी के लिए गाना गाता है 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की कटोरी, दूध में बताशा मुन्नी करे तमाशा'। वहीं, फिल्म के दूसरे भाग में कहानी एक दुखी मोड़ दे गुजर रही होती है। इसलिए, इस गाने का दुखद वर्जन सुनाया जाता है जिसके लिरिक्स कुछ बदल जाते हैं। दूसरे भाग में सुनाया गया ये गाना होता है ''लल्ला लल्ला लोरी दूध की कटोरी, दूध में बताशा, जीवन खेल तमाशा'।

### हर बच्चों की याद बना ये गाना

फिल्म में शशि कपूर के लिए गाया गया ये गाना मुकेश की आवाज में रिकॉर्ड हुआ था और इसका सैड वर्जन लता मंगेशकर ने गाया था। आज भी जब माएं अपने बच्चों को सुलाने की कोशिश करती हैं तो इसी गाने लो लूप पर चला देती हैं। 70 के दशक के बाद के हर बच्चे के लिए ये गाना खास याद है। इस गाने को सुनकर बच्चे बड़े हुए। इस गाने को लिखने वाले गीतकार हैं आनंद बक्शी और म्यूजिक दिया था आरडी बर्मन ने।

### आनंद बक्शी के बच्चों के लिए गीत

आनंद बक्शी ने बच्चों के लिए कई यादगार गाने लिखे। उनकी इस लिस्ट में रोते रोते हंसना सीखो, मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, तू कितनी अच्छी है, रे मा मा रे मा मा रे, चंदा मामा से प्यारा जैसे गाने शामिल हैं। इसके अलावा आनंद बक्शी ने हिंदी फिल्मों में 50 के दशक से लेकर 90 के दशक तक काम किया। उन्होंने इस दौर के सभी बड़े कलाकारों के लिए गाने लिखे। उनके लिखों इन गीतों ने ऑडियंस के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई। आज भी ये गाने सुने और पसंद किए जाते हैं।

## कहीं हुआ था पूरे परिवार का मर्डर तो कहीं भटकती आत्मा

# हॉलीवुड की सबसे डरावनी फिल्में सच्ची घटनाओं पर बेस्ड

***नई दिल्ली।** फिल्मों की दुनिया में हॉरर कहानियां लोगों को काफी पसंद आती हैं। अक्सर ये फिल्में काल्पनिक होती हैं, जिसमें एक ऐसी भयावह दुनिया की झलक होती है, जिसके बारे में अक्सर हमने पढ़ा या सुना होता है। हालांकि, हॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जो सच्ची घटनाओं पर बेस्ड रही हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों में खौफ का पारा तब ऊपर चला जाता है जब स्क्रीन पर लिखा नजर आता है- सच्ची घटनाओं से प्रेरित।और जब ऐसी घटनाओं पर फिल्में बनती हैं तो बिना वीएफएक्स, बिना स्पेशल इफेक्ट्स के भी लोग इसलिए खिंचे चले आते हैं, क्योंकि सच्ची घटनाओं से जुड़ी हैं। वे जानते हैं कि ये फिल्म किसी की कल्पना से उपजी कोई भी कहानी नहीं है, जिसे जबरदन भयावह बनाने की कोशिश की गई हो।*

**द कंज्यूरिंग (2013) :** प्रोविडेंस जर्नल के मुताबिक, ये फिल्म 'द कंज्यूरिंग' 1971 में रोड आइलैंड के राउंड टॉप रोड पर एक फार्महाउस में रहने आए रोजर और कैरोलिन पेरॉन की कहानी है। ये फिल्म इनकी रियल लाइफ अनुभवों पर बेस्ड है जिन्हें फार्महाउस में कुछ पैरानॉर्मल घटनाओं को महसूस किया। उन्होंने इसकी सूचना पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन को दी और वे उनके घर पहुंचे। जेम्स वान द्वारा निर्देशित और पैट्रिक विल्सन और वेरा फार्मिंगा स्टारर यह फिल्म इतनी खूबसूरती से डर और भय का माहौल बनाती है, जिससे हर डरावना सीन बिल्कुल रियल और प्रभावी लगता है।

**द एमिटीविल हॉरर (1979) :** ये फिल्म न्यूयॉर्क में पूरे परिवार की गोली मारकर हत्या की कहानी पर बेस्ड है। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, 13 नवंबर 1974 को रोनाल्ड डेफियो जूनियर ने न्यूयॉर्क के एमिटीविले में 112 ओशन एवेन्यू स्थित अपने घर में अपने पूरे परिवार की गोली मारकर हत्या कर दी। बाद में उसने दावा किया कि उसे कुछ आवाजें सुनाई दे रही थीं जो उसे ऐसा करने के लिए कह रही थीं। एक साल बाद, जॉर्ज और कैथलीन लुट्ज़ अपने तीन बच्चों के साथ उस घर में रहने आए और उन्होंने इतनी भयानक भुतहा गतिविधियों की शिकायत की कि एक महीने बाद ही वे आधी रात को घर छोड़कर भाग निकले। जेम्स ब्रोलिन और मार्गोट किडर इस फिल्म में लीड रोल में नजर आए।



**एनाबेल (2014) :** ऑल दैट्स इंटरेस्टिंग की रिपोर्ट्स के मुताबिक, असली एनाबेल कोई चीनी मिट्टी की गुड़िया नहीं बल्कि एक रैगडी ऐन (रैगडी ऐन कपड़े की एक अमेरिकी गुड़िया है जिसे जॉनी ग्रुएल ने 1915 में बनाया था और 1918 की एक कहानी की किताब में पेश किया गया था।बचपन की मासूमियत, पुरानी यादों और सुकून का प्रतीक माना जाका है इसे)। अब 'एनाबेल' की असली कहानी को दो युवतियों ने एड और लॉरेन वॉरेन के ध्यान में लाया था। उनका कहना था कि इसमें एक दयालु बच्चे की आत्मा है, लेकिन वॉरेन कपल को समझ आया कि ये आत्मा एक मानव शरीर की तलाश कर रही थी। भूत-प्रेत भगाने की प्रक्रिया शुरू की गई और गुड़िया को कनेक्टिकट में वॉरेन के गुप्त म्यूजियम में ले जाया गया, जहां वो आज तक बंद है।

***द एक्सोरसिस्ट (1973) :** ये कहानी 1949 की है, जिसमें मैरीलैंड की एक छोटी सी लड़की पर भूत भगाने के की प्रक्रिया से जुड़ी है। इस केस को प्रीस्ट द्वारा डीटेल में रेकॉर्ड भी किया गया था लेकिन किसी ने इसपर संतोषजनक बात नहीं कही। फिल्म एक ऐसी युवती की कहानी है जो अचानक हिंसक रूप ले लेती है। डर और भय के कारण उसकी मां डॉक्टरों के चक्कर लगाने के बाद आखिरकार मदद लेने चर्च की ओर रुख करती हैं।*

***स्क्रीम (1996) :** पीपुल मैगजीन के मुताबिक, राइटक केविन विलियमसन को 'स्क्रीम' का विचार अगस्त 1990 में तब आया जब उन्हें भयानक गेन्सविले हत्याकांड के बारे में पता चला। इसमें डैनी रोलिंग, जिसे गेन्सविले रिपर के नाम से जाना जाता है ने कॉलेज के स्टूडे को निशाना बनाकर हत्याएं कीं। यह घटना पूरे देश में सनसनी बन गई। फिल्म एक छोटे से कस्बे में एक रहस्यमय हत्यारे द्वारा पीछा की जा रही एक किशोरी की कहानी है। वेस क्रेवन द्वारा निर्देशित और नेव कैंपबेल, कोर्टनी कॉक्स और डेविड आर्केट अभिनीत यह फिल्म अब तक की सबसे डरावनी फिल्मों में से एक बन गई।*

## खबर संक्षेप

### उप चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियमों के प्रावधानों तथा राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के वार्ड क्रमांक 6 में पार्षद उप निर्वाचन 2026 के लिए प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों की नियुक्ति कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त तहसीलदार नेहा उपाध्याय को रिटर्निंग ऑफिसर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं नायब तहसीलदार हरनंदन बंजारे एवं नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेंद्र बहादुर सिंह को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### आंबा सहायिका पद के लिए 8 मई तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र दिनदयाल कालोनी वार्ड क्रमांक 6 एवं आंगनबाड़ी केन्द्र हनुमान नगर वार्ड क्रमांक 26 में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 8 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन कर सकती है।

### सड़क दुर्घटना के प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की आकस्मिक मृत्यु होने के फलस्वरूप प्रशासन द्वारा मृतक के निकटतम वारिसान को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़ द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रकरणों की जांच एवं तहसीलदार की अनुशंसा के उपरांत पात्रता के आधार पर मृतक के परिजन को 25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि प्रदान की गई है। 2 नवम्बर 2025 को सड़क दुर्घटना में तहसील पुसौर के ग्राम दर्रामुड़ा निवासी मोहन लाल केंवट की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। यह आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### आवेदन की अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़।** व्यापमं सीजी डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। इसमें प्रीबीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल है। इसी प्रकार बीएससी नर्सिंग, पीएटी और पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निश्चित है। इसके लिए परीक्षा केंद्र छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में बनाया गया है।

### रात्रिकालीन जन चौपाल में सुना ग्रामीणों की समस्या

**सारंगढ़।** भटगांव तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिचोली में कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे की उपस्थिति में बुधवार को रात्रिकालीन जनचौपाल आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर के सामने रखीं। चौपाल में जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों ने पानी लीकेज की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग को एक सप्ताह के भीतर सुधार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं सुनील बेहरा पिता संतोष प्रसाद बेहरा निवासी मोदी नगर वार्ड नं. 24, रायगढ़ (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मेरी पुत्री का पुराना नाम खुशी बेहरा था जिसे मैं बदलकर नया नाम युविका बेहरा रख लिया हूं। इसलिए आज दिनांक से मेरी पुत्री को सभी शासकीय, अर्द्ध-शासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में उसके नये नाम युविका बेहरा के नाम से जाना, पहचाना एवं पढ़ा जावे।

शपथकर्ता
सुनील बेहरा
पिता संतोष प्रसाद बेहरा
निवासी मोदी नगर,
वार्ड नं. 24
रायगढ़ (छ.ग.)

### कार्यों में तेजी लाने कलेक्टर सख्त, जिला स्तरीय समिति की बैठक

# मनरेगा के कार्यों का अब होगा भौतिक सत्यापन, चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में विकास कार्यों की गति को तेज करने और मनरेगा के तहत लंबित कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई और अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई।

**खास बातें**
- 30 मई तक सभी लंबित कार्य पूर्ण करने के निर्देश, नरेगा सॉफ्ट पर डेटा शुद्धिकरण पर विशेष



बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में एक समयबद्ध विशेष अभियान चलाकर लंबित कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाए और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नए कार्यों की स्वीकृति देने से पहले पुराने और वर्तमान में चल रहे कार्यों को शत प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। जिन कार्यों का भौतिक रूप से निर्माण पूरा हो चुका है, उनके दस्तावेजीकरण और वित्तीय औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण कर सॉफ्टवेयर में अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी हालिया एडवाइजरी के परिप्रेक्ष्य में जिले में लंबित कार्यों की स्थिति पर गंभीरता से चर्चा की गई।

कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि नरेगा सॉफ्ट पोर्टल पर पूर्व वर्षों के जो कार्य लंबित या अपूर्ण दर्ज हैं, उनका यथोचित परीक्षण कर आवश्यकतानुसार उन्हें क्लोज या एक्सटेंड किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि 30 मई तक हर हाल में इन कार्यों को पूर्ण किया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे।

#### विशेष समिति कर रही है आंकड़ों का शुद्धिकरण

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि आगामी विकसित भारत ग्राम एवं आजीविका मिशन अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन से पूर्व पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों का शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में जिला पंचायत द्वारा गठित विशेष समिति सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, जो कार्यों के क्लोजर एवं एक्सटेंशन से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय ले रही है।

#### ग्राम सभाओं की भागीदारी होगी सुनिश्चित

पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ने ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कार्यों के सत्यापन और समापन की प्रक्रिया में जनभागीदारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समय सीमा के भीतर सभी लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।



## भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से वार्डवासियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

खरसिया नगर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच वार्डवासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। लंबे समय से पानी की किल्लत झेल रहे क्षेत्र में नई पानी की टंकी से विधिवत जलापूर्ति प्रारंभ कर दी गई है।

- विकास के साथ मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है नगर सरकार : कमल

बताते चलें कि वार्ड नंबर 15 का मोहल्ला संजय नगर ऊंचाई पर स्थित होने की वजह से वहां तक भागीरथ नल जल योजना का पानी पाइपलाइन से नहीं पहुंच पा रहा था और वार्ड के सभी बोर लगभग सूख चुके थे जिसकी वजह से उन्हें प्रतिवर्ष पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा था और उन्हें दूर दूर से पानी लाना पड़ रहा था और टैंकरों के आश्रित रहना पड़ रहा था। इसे देखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष कमल गर्ग द्वारा अपना कार्यकाल प्रारंभ करने के साथ ही वार्ड की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 82.28 लाख की लागत से नई पानी टंकी का निर्माण प्रारंभ किया गया। एक वर्ष के भीतर ही निर्मित आज नई पानी टंकी से सप्लाई प्रारंभ होने पर पानी की धार मोहल्ले में पहुंचते ही वार्डवासियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए अध्यक्ष कमल गर्ग और नगर पालिका प्रशासन का आभार माना।

#### अध्यक्ष ने साझा की खुशी

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या सबसे बड़ी चुनौती थी। आज वार्ड क्रमांक 15 नवीन स्कूल परिसर में निर्मित ओवरहेड टैंक का सफल परीक्षण हुआ। इसे नगर की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

#### वार्डों में उत्सव जैसा माहौल

जलापूर्ति शुरू होने पर वार्ड 12, 15, और 16 के वासियों ने अपनी खुशी जाहिर की। लोगों का कहना है कि नई टंकी चालू होने से अब उन्हें दूर दराज के हैंडपंपों या टैंकरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। पारा 40 डिग्री के पार जाने से पहले ही व्यवस्था दुरुस्त। पानी सप्लाई में बेहतर दबाव और नई तकनीक से पाइपलाइन द्वारा अंतिम घर तक पहुँचेगा पानी।

## सरसींवा-सरायपाली सड़क निर्माण में अवैध कब्जा, चला बुलडोजर




**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने निर्माणाधीन सरसीवा सराईपाली सड़क पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं और कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। सड़क चौड़ीकरण में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन द्वारा तत्काल बुलडोजर चलाकर हटाया गया जिससे सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके।

कलेक्टर ने विद्युत खम्भो को शिफ्ट करने और अनुमति प्राप्त पेड़ को काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप किया जाए। उन्होंने नगर पंचायत के सीएमओए जनप्रतिनिधियों और तहसीलदार को समन्वय बनाकर शीघ्रता से सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूरा करने को कहा ताकि आम लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके।

## बिलाईगढ़ महाविद्यालय में ज्ञान भारतम मिशन पर विशेष गोष्ठी

**रायगढ़।** आयुक्त कार्यालय एवं कलेक्टर सारंगढ़ के निर्देशों के परिपालन में शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में 23 अप्रैल को ज्ञान भारतम् मिशन के संबंध में विशेष जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो चरणों में प्रथम कला संकाय के कक्ष क्रमांक 03 में अपरान्ह 01 से 2 बजे तक तथा द्वितीय विज्ञान संकाय के कक्ष क्रमांक 21 में अपरान्ह 3 से 04 बजे तक संपन्न हुआ।



गोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने कहा कि भारत की ज्ञान-परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है, किंतु अनेक कारणों से गांवों एवं शहरों में विद्यमान प्रतिभाशाली रचनाकारों की कई महत्वपूर्ण पांडुलिपियां अभी तक प्रकाशित नहीं हो सकी हैं। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा वर्तमान में राष्ट्रीय पांडुलिपियों के संरक्षण एवं सर्वेक्षण का कार्य विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। इस दिशा में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने आस-पास के गांवों एवं नगरों में संपर्क स्थापित कर प्राचीन पांडुलिपियों एवं ज्ञान-संपदा की जानकारी एकत्र करने में सहयोग करें। गोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों को ज्ञान भारतम्-मिशन के उद्देश्य—देश की पारंपरिक ज्ञान-संपदा का संरक्षण, दस्तावेजीकरण तथा नई पीढ़ी तक उसके प्रसार के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण—श्रीमती सुनीता विक्रम कोशले, पंकज साहू, तुलेश्वर ध्रुव, सुश्री अन्नू केवरा, डॉ. सुमनलता, रंगनाथ यादव, दीपक कुमार कुर्रे, टीकाराम, लेविश कुमार, गौरव शुक्ला, श्रीमती दूजबाई भारद्वाज, सुश्री नैना निराला, रेशम चौहान, नरेंद्र राकेश तथा धनंजय कर्ष सहित कला एवं विज्ञान संकाय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिंदल चिल्ड्रन होम में बच्चों को मिल रहा दुलार के साथ जीवन संवारने का मौका

## बेसहारा बच्चों को सहारे के साथ मुख्य धारा से जोड़कर रोजगार भी दे रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बेसहारा बच्चों को एक अभिभावक की तरह स्नेहपूर्ण माहौल देने का काम जिंदल चिल्ड्रन होम सावित्री नगर तमनार द्वारा किया जा रहा है। ऐसे बच्चों को न सिर्फ यहां सहारा मिल रहा है, बल्कि उनका जीवन स्तर सुधारने के साथ ही समाज की मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें रोजगार के लिए भी स्किल्ड किया जा रहा है ताकि वे स्वयं अपना जीवन चला सकें।

सावित्रीनगर तमनार में तीन साल पहले 9 मार्च 2022 को जिंदल चिल्ड्रन होम की शुरूआत की गई थी। यहां लड़के और लड़कियों के लिए अलग अलग अलग चिल्ड्रन होम बनाया गया है। वर्तमान में यहां जरूरतमंद 50 लड़के और 50 लड़कियां रह रहे हैं। यह संस्था जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत रजिस्टर्ड है। संस्था का संचालन जिंदल पावर प्लांट तमनार द्वारा सीएसआर मद से किया जा रहा है। इस संस्था में ऐसे बच्चों को रखा जाता है, जिन्हें उनके मांए बाप ने किसी विपरीत परिस्थितियों में छोड़ दिया है। किसी कारणवश सिंगल पैरेंट्स भी बच्चों को छोड़ देते हैं। ऐसे बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी रायगढ़ द्वारा सेंटर में भेजा जाता है। इसके अलावा जब सेंटर के लोगों को भी ऐसे बच्चों के बारे में पता चलता है तो उसकी जानकारी सीडब्ल्यूसी को दी जाती है। यहां 6 वर्ष के बच्चों से लेकर 18 वर्ष की आयु तक किशोर व किशोरियों को रखा जाता है। उनके लिए अलग अलग खेल मैदान व ओपन जिम की भी व्यवस्था चिल्ड्रन होम कैंपस में ही की गई है।



#### सीबीएसई स्कूल में शिक्षा

जिंदल चिल्ड्रन होम में रहने वाले बेसहारा बच्चों को जिंदल प्रबंधन द्वारा क्वालिटी एजुकेशन भी दी जाती है। यहां बच्चों को सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूल में पढ़ाया जाता है। यहां के बच्चे इंग्लिश माध्यम में शिक्षा प्राप्त करते हैं। सीबीएसई में स्कूली शिक्षा के अलावा कमजोर विद्यार्थियों के लिए ट्यूशन की भी व्यवस्था की जाती है। ये बच्चे बोर्ड परीक्षा में टापर भी रहे हैं, उन्हें 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हो चुके हैं।

#### 18 के बाद कालेज की पढ़ाई का खर्च उठाते हैं

बारहवीं की पढ़ाई पूरी करने वाले ऐसे बच्चे जो आगे कालेज इंजीनियरिंग या मेडिकल की पढ़ाई करना चाहते हैं, ऐसे बच्चों को आगे भी पढ़ाई में मदद की जाती है। ऐसे बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च जिंदल द्वारा सीएसआर मद से उठाया जाता है। ऐसे बच्चे जिन्होंने देरी से पढ़ाई शुरू की और उनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो गई है, उन्हें भी स्किल ट्रेनिंग देकर रोजगार या स्वरोजगार के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम जिंदल फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। बीते सालों में ऐसे तीन युवकों को 6 माह का कोर्स कराने के बाद जाब में लगा दिया गया है इसके अलावा एक युवती को भी रोजगार से जोड़ा जा चुका है।

## सारंगढ़ में कलेक्टर ने कुष्ठ दूर करने की प्रोजेक्ट की शुरुआत

**सारंगढ़।** कुष्ठ मुक्त जिला करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के हाथों लेप्रोसी मिशन ट्रस्ट इंडिया द्वारा मिशन ट्रांसमिशन फ्री प्रोजेक्ट का लॉन्च किया गया। यह राष्ट्रीय मिशन कुष्ठ प्रभावित गढ़चिरोली महाराष्ट्र और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के जिला और ब्लॉक स्तर के आला अधिकारी उपस्थित थे।




कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि कुष्ठ रोग की रोकथाम के लिए सर्वे से मरीजों को चिन्हित करना अनिवार्य है। इस कार्य में सर्वे टीम को मितानिन और स्व सहायता समूह की महिलाएं सहयोग करेंगी। घर घर जाकर मरीजों को इस रोग की जानकारी और लक्षण के बारे में बताएँगे। साथ ही मरीजों को पूरा विश्वास दिलाएंगे और विश्वास पर काम भी करेंगे किए उनकी बीमारी और इलाज के बारे में जानकारी किसी को नहीं दी जाएगी और यह जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रहेगी। इसके बाद ऐसे मरीजों का इलाज सीनियर डॉक्टर की निगरानी में करेंगे और कुष्ठ मुक्त जिला बनाने में सहयोग करेंगे। डॉ कन्नौजे ने कहा कि महानदी इस जिले का मुख्य नदी है जिसके किनारे में जिले के कई गांव बसे हैं। बीमारी कारक ऐसे क्षेत्रों का सर्वे कराना अनिवार्य है।

#### गिरसा के आंबा केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बुधवार को बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत गिरसा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के लिए लगाए गए ई केवाईसी कैंप का जायजा लिया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद महिलाओं और संबंधित कर्मचारियों से ई केवाईसी की प्रगति की जानकारी ली और सभी पात्र हितग्राहियों का जल्द से जल्द ई केवाईसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से की जा रही है। इसके लिए किसी भी प्रकार का शुल्क न लिया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना के लाभों की जानकारी देते हुए समय पर आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने आगामी जनगणना 2027 के संबंध में भी जागरूक किया।

## भाजपा का ट्रिपल इंजन सिटी कोतवाली के चौखट पर

**रायगढ़।** शहर की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा का तथाकथित ट्रिपल इंजन मॉडल बुधवार को सिटी कोतवाली के चौखट पर दम तोड़ता नजर आया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का ट्रिपल इंजन अब विकास नहीं, बल्कि अव्यवस्था, अराजकता और प्रशासनिक पंगुता का प्रतीक बन चुका है। हालत यह है कि खुद सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि न्याय के लिए थाने के सामने धरना देने को मजबूर हैं।

धरने पर बैठे महापौर और भाजपा के कार्यकर्ताओं का कहना है की वार्ड नंबर 31 की भाजपा पार्षद त्रिनिषा चौहान और उनके परिवार के साथ एक शादी समारोह में खुलेआम दुर्व्यवहार और मारपीट की घटना हुई है। पीड़ित पक्ष ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई। जब न्याय नहीं मिला, तो रायगढ़ नगर निगम के महापौर सहित भाजपा के पार्षदों को थाने के बाहर धरने पर बैठना पड़ा। कांग्रेस ने इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा शासन का काला सच, बताते हुए कहा, यह सरकार केवल विज्ञापन और झूठे दावों की मशीन बनकर रह गई है। जमीन पर न कानून का डर है, न प्रशासन की पकड़। अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित दर दर भटक रहे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
- हड्डी एवं जोड़ों का दर्द - नसों का रोग
- त्वचा एवं बालों का रोग - स्त्री रोग - मानसिक रोग
- मूत्र संबंधी रोग - मधुमेह (डायबिटीज़) - नेत्र रोग
- किडनी संबंधी रोग - पेट संबंधी विकार - थायराइड
- अस्थमा - मोटापा - मांसपेशी का रोग
- मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त